तापमान

अधिकतम 31.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# कांकेर भूमि

रायपुर, शनिवार 27 जून 2026

भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गूकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा

12 सर्व सेन समाज की बैठक में शिक्षा, संगठन...



12 सालेभाट शाला प्रवेशोत्सव में नवप्रवेशी छात्रों का स्वागत...



## देवकोट के प्राचीन नागेल मोहट मुदिया देव स्थल में तोड़फोड़ से आदिवासी समाज में आक्रोश

*विकासखंड दुर्गूकोंदल के ग्राम खुटगांव स्थित आदिवासी समाज के प्रमुख आस्था केंद्र देवकोट में स्थापित प्राचीन नागेल मोहट मुदिया देव स्थल पर कथित तोड़फोड़ की घटना ने समाज में गहरा आक्रोश पैदा कर दिया है। समाज के लोगों का आरोप है कि अज्ञात व्यक्तियों ने देव स्थल पर स्थापित धार्मिक प्रतीक पत्थरों को उखाड़कर क्षतिग्रस्त कर दिया, जिससे उनकी धार्मिक भावनाएं आहत हुई हैं। घटना के विरोध में नरेटी परिवार सहित 14 भाई, 18 भूमकाल और अक्को मामा समाज के प्रतिनिधियों ने थाना दुर्गूकोदल पहुंचकर दोषियों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करने और कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की है।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गूकोंदल

ग्रामीणों के अनुसार देवकोट स्थित यह देव स्थल प्राचीन काल से आदिवासी समाज की धार्मिक आस्था, परंपरा और सांस्कृतिक विरासत का महत्वपूर्ण केंद्र रहा है। यहां छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों के अलावा अन्य राज्यों से भी समाज के लोग पर्व-त्योहारों एवं धार्मिक अवसरों पर पूजा-अर्चना और अनुष्ठान करने पहुंचते हैं। देवताओं के प्रतीक स्वरूप स्थापित विशेष पत्थरों को समाज में अत्यंत पवित्र और पूजनीय माना जाता है। समाज के लोगों ने बताया कि 18 जून को जब वे नियमित पूजा-अर्चना के लिए देव स्थल पहुंचे, तब वहां स्थापित कई देव पत्थर उखड़े हुए और क्षतिग्रस्त अवस्था में मिले। इस दृश्य को देखकर ग्रामीणों में रोष फैल गया और इसे उनकी धार्मिक आस्था पर सीधा आघात बताया गया। समाज के प्रतिनिधियों ने प्रशासन को चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई और दोषियों के विरुद्ध सख्त कदम नहीं उठाए गए, तो आदिवासी समाज लोकतांत्रिक तरीके से आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा।

### दोषियों पर कार्रवाई नहीं होने पर आंदोलन की दी चेतावनी




धार्मिक प्रतीक पत्थरों को क्षतिग्रस्त करने का आरोप, एफआईआर की मांग

### एफआईआर दर्ज करने की माँग की

*क्षेत्र के ग्रामीण शिवप्रसाद नरेटी, चैनू नरेटी, दर्शन नरेटी, सुखनाथ नरेटी, घसिया नरेटी, लच्छू नरेटी सहित समाज के अन्य प्रतिनिधियों ने घटना के संबंध में 25 जून को थाना दुर्गूकोदल में लिखित आवेदन सौंपा। आवेदन में मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों की पहचान करने, उनके विरुद्ध एफआईआर दर्ज करने तथा धार्मिक स्थल की सुरक्षा के लिए आवश्यक कदम उठाने की मांग की गई है।*

## खबर संक्षेप



### बहू पर डंडे से हमला चाचा पर मामला दर्ज

**कांकेर।** आमाबेड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम पुसागांव में पारिवारिक विवाद के चलते एक महिला के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। आरोप है कि 24 जून की शाम आरोपी रजमन मंडावी शराब के नशे में पीड़िता के घर पहुंचा और गाली-गलौज करते हुए हाथ, लात एवं लकड़ी के डंडे से हमला कर दिया। हमले में महिला के सिर पर गंभीर चोट आई, जिसके बाद उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। इलाज के बाद 26 जून को परिजनों ने थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। रघुनाथ मंडावी की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी रजमन मंडावी के खिलाफ बीएनएस की धारा 296, 115(2) एवं 351(2) के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### बुजुर्ग की मौत, मर्ग कायम

**कांकेर।** चारामा थानांतर्गत भर्रीटोला निवासी नेहरूराम मंडावी पिता मंगल राम मंडावी को इलाज के लिए जिला अस्पताल में लाया गया था, लेकिन उसकी 31 मई को मौत हो गई। अस्पताल से अस्पताली मेमो पेश कर पुलिस को बताया गया कि मृतक को इलाज के लिए अस्पताल में लाया गया था। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### एग्रीस्टेक पंजीयन पर ही योजनाओं का लाभ

**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल के किसानों से समय रहते एग्रीस्टेक पंजीयन कराने की तहसीलदार सुरेंद्र उर्वशा ने .अपील की है। उन्होंने कहा कि कृषि योजनाओं, अनुदान, बीमा एवं अन्य किसान हितैषी सुविधाओं का लाभ लेने के लिए एग्रीस्टेक पंजीयन अनिवार्य है। पंजीयन के दौरान भूमि के सभी सहखातेदारों का पंजीकरण भी आवश्यक होगा, अन्यथा प्रक्रिया अधूरी मानी जाएगी।

### वनपाल व वनरक्षक को क्षेत्र से हटाया और दिया कारण बताओ नोटिस

# हरिभूमि की खबर पर वन विभाग की कार्रवाई बीएसपी को नोटिस, रेंजर-एसडीओ भी घेरे में

*रावघाट लौह अयस्क परियोजना के लिए बनाई गई सड़क में कथित रूप से बिना वन विभाग की वैधानिक अनुमति सैकड़ों पेड़ों की कटाई का मामला अब तूल पकड़ता जा रहा है। हरिभूमि द्वारा जमीनी पड़ताल कर प्रकाशित खबर के बाद वन विभाग पूर्व वनमंडल भानुप्रतापपुर ने पुराने दस्तावेजों की जांच और जमीनी स्तर पर जाँच करके यह तो साबित कर दिया कि पेड़ की अवैध कटाई करके अवैध सड़क बना दी गई। वन विभाग ने बीएसपी को नोटिस जारी कर दिया, इसके साथ ही रेंजर, एसडीओ को भी नोटिस के घेरे में लेते हुए पांच वनरक्षक एव वनपाल को क्षेत्र से हटाते हुए नोटिस जारी हुआ।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

गौरतलब है कि हरिभूमि ने अपनी ग्राउंड रिपोर्ट में सबसे पहले यह सवाल उठाया था कि वन विभाग की अनुमति के बिना सड़क निर्माण कैसे किया गया और इसके लिए बड़ी संख्या में पेड़ों की कटाई किसकी अनुमति से हुई। समाचार प्रकाशित होने के बाद विभाग ने पुराने रिकॉर्ड खंगाले और मौके पर जांच के लिए पूर्व भानुप्रतापपुर वनमंडल के वनमंडलाधिकारी ने पांच सदस्यीय जाँच टीम गठित करके मामले की जाँच करवाया। जाँच में यह तथ्य आया है कि 1340 मीटर लंबी और लगभग 9.95 मीटर चौड़ी सड़क को बिना अनुमति के बनाया गया है और प्रथम दृष्टया 540 के आसपास पेड़ काटे गए है, यह संख्या बढ़ भी सकती है। इस सड़क को पहाड़ काटकर बनाया गया है, जो फोटो सबसे पहले केवल हरिभूमि में ही प्रकाशित हुई थी। इसके बाद हडकंप मचा और पूरे सिस्टम में खलबली मच गई। रावघाट लौह अयस्क परियोजना के लिए बनाए गए सड़क मार्ग को लेकर लंबे समय से उठ रहे सवालों के बीच अब वन विभाग की कार्रवाई ने पूरे मामले को नया मोड़ दे दिया है।

### 1340 मीटर लंबा और 9.95 चौड़े पहाड़ को काटकर बनाई अवैध सड़क



अनदेखी : एसडीओ बोले- बीएसपी ने नहीं ली अनुमति

रावघाट में लौह अयस्क परिवहन के लिए बनाई जा रही सड़क से वन विभाग अनजान

पहाड़ को काटकर सड़क नहीं बनाई

खबर का असर

### सरकार की छवि खराब करने वाले बचेंगे या रहेंगे

*रावघाट परियोजना में सामने आए कथित अनियमितताओं के बाद अब सवाल केवल सड़क निर्माण और पेड़ों की कटाई तक सीमित नहीं रह गए हैं। मामले को लेकर स्थानीय स्तर पर यह चर्चा है कि जांच में नियमों के उल्लंघन की पुष्टि हो गई है, तो इससे केंद्र और राज्य सरकार की छवि भी प्रभावित हुई है। अब सबकी निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि सरकार की छवि खराब करने वाले बीएसपी रावघाट परियोजना से जुड़े जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ क्या कार्रवाई होती है।*

### एसडीओ, रेंजर सहित 7 को नोटिस, 5 को हटाया

*वनमंडलाधिकारी ऋषभ जैन के अनुसार इस मामले में जाँच रिपोर्ट मिलने के उपरांत एसडीओ विजय चंद्रवंशी और रेंजर वीरेंद्र यादव को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है, इसके अलावा दीनदयाल नेताम वनपाल परिक्षेत्र सहायक भैसगांव, आत्माराम पोटाई वनपाल परिक्षेत्र सहायक फूलपाड़, अश्विनी कुमार नेताम वनरक्षक, दक्षिण भैसगांव, सहादुर सिंह ठाकुर वननरक्षक फूलपाड़, योगेश कुमार ठाकुर वनरक्षक अंजरेल पूर्व को इन क्षेत्रो से हटाते हुए कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।*

### बीएसपी को नोटिस जारी, कार्रवाई होना तय

*पूर्व वनमंडल भानुप्रतापपुर वन मंडल के वनमंडलाधिकारी ऋषभ जैन ने हरिभूमि से बात करते हुए बताया कि यह जो रोड़ बनाया गया है, इसमें वन विभाग की अनुमति नही ली गई है। भारतीय वन अधिनियम 1927 और वन संरक्षण अधिनियम 1980 का भी उल्लंघन हुआ है।*

## ग्रामसभा ने बीएमओ पर कार्रवाई तबादला नहीं करने की मांग की



हरिभूमि न्यूज ▶▶| धनेलीकन्हार

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र धनेलीकन्हार के बीएमओ के खिलाफ आरएचओ संघ द्वारा कार्रवाई और स्थानांतरण की मांग किए जाने की जानकारी सोशल मीडिया के माध्यम से मिलने के बाद ग्राम पंचायत धनेलीकन्हार की ग्रामसभा में इस विषय पर चर्चा की गई। ग्रामसभा ने सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपते हुए बीएमओ के खिलाफ किसी भी प्रकार की कार्रवाई नहीं करने की मांग किया है।

विकासखंड कांकेर के ग्राम पंचायत कृष्टीकुर में पदस्थ आरएचओ हगेन्द्र सोनकर के खिलाफ उनके साथ कार्यरत महिला कर्मचारियों ने शासकीय कार्य में सहयोग नहीं करने की मौखिक एवं लिखित शिकायत बीएमओसे किया था। बीएमओ ने मामले की जानकारी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कांकेर को दी। इसके बाद गठित जांच समिति की रिपोर्ट के आधार पर हगेन्द्र सोनकर, जो आरएचओ संघ के जिला उपाध्यक्ष भी हैं, को निलंबित करते हुए कोयलीबेड़ा विकासखंड स्थानांतरित कर दिया गया। ग्राम पंचायत धनेलीकन्हार की सरपंच मधु मंडावी ने बताया कि सोशल मीडिया के माध्यम से यह जानकारी मिली कि आरएचओ संघ द्वारा बीएमओ डॉ. शशांक गुप्ता के खिलाफ कार्रवाई और स्थानांतरण की मांग की जा रही है। उन्होंने कहा कि डॉ. गुप्ता के पदभार संभालने के बाद स्वास्थ्य केंद्र की कार्यप्रणाली में सुधार आया है। कर्मचारी ईमानदारी से कार्य कर रहे हैं और मैदानी क्षेत्रों में भी स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति बेहतर हुई है। इसी को देखते हुए ग्रामसभा ने उनके समर्थन में प्रस्ताव पारित कर कलेक्टर से कार्रवाई नहीं करने का अनुरोध किया है। इस संबंध में बीएमओ डॉ. शशांक गुप्ता ने बताया कि लगभग दो वर्ष पहले निरीक्षण के दौरान संबंधित कर्मचारी ड्यूटी पर अनुपस्थित मिला था। इसके अलावा उसके विरुद्ध सहकर्मियों द्वारा कई बार मौखिक शिकायतें भी की गई थीं। शिकायतों और कार्य में लापरवाही के चलते कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था। ▶▶| शेष पेज 10 पर

## बोलेरो की ठोकर से बाइक सवार गंभीर, चालक पर मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



थाना अंतागढ़ क्षेत्र के सिकसोड मुख्य मार्ग पर एक तेज रफ्तार बोलेरो की टक्कर से मोटरसाइकिल सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना 21 जून की रात करीबन साड़े 8 बजे की है, जिसकी लिखित शिकायत पीड़ित की माँ ने इलाज में व्यस्त होने के कारण 26 जून को अंतागढ़ थाने में दर्ज कराई है। ग्राम नुलेकी सोडेपारा निवासी फुलबती गोटा ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उनका 46 वर्षीय बेटा श्याम लाल गोटा पिता चैत राम गोटा बीते 21 जून को परिवार के ही देवलाल कोरेटी की मोटरसाइकिल वाहन क्रमांक सीजी 19 बी एन 8139 पर सवार होकर सराई बीज बेचने सिकसोड बाजार गया हुआ था। बाजार में बीज बेचने के बाद वह बाजारपारा सिकसोड गया था। रात करीब साड़े 8 बजे जब श्याम लाल वापस बाजार की ओर लौट रहा था, तभी मेन रोड बाजार मोड़ पुल के पास विपरीत दिशा से आ रही एक तेज रफ्तार बोलेरो क्रमांक सीजी 19 डी 0258 के चालक ने अपने वाहन को लापरवाही और उतावलेपन से चलाते हुए मोटरसाइकिल को सामने से जोरदार टक्कर मार दी। इस दर्दनाक हादसे में श्याम लाल गोटा के सिर और पैर में गंभीर चोटें आईं। दुर्घटना के तुरंत बाद स्थानीय लोगों की मदद से घायल युवक को 108 एम्बुलेंस के जरिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अंतागढ़ ले जाया गया। जहाँ प्राथमिक इलाज के बाद उसकी नाजुक हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने उसे बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। ▶▶| शेष पेज 10 पर

## कुत्ते को घर के सामने शौच कराने से रोकने पर बेल्ट से की बेदम पिटाई

### बार-बार समझाने के बावजूद नहीं माना आरोपी, दर्ज किया मामला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



नगर के संजयपारा क्षेत्र में पालतू कुत्ते को घर के सामने शौच कराने से रोकना एक परिवार को महंगा पड़ गया। पड़ोसी को केवल गंदगी से बचने की नसीहत देना इतना नागवार गुजरा कि विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। आरोप है कि आरोपी ने घर पहुंचकर पहले गाली-गलौज की, फिर बेल्ट से पिटाई करते हुए जान से मारने की धमकी दी। घटना के बाद पीड़ित ने थाना पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई, जिस पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार संजयपारा भानुप्रतापपुर निवासी 40 वर्षीय प्रहलाद कुमार लोहले ने लिखित शिकायत में बताया कि मोहल्ले का रहने वाला अन्नू तिवारी प्रतिदिन अपने पालतू कुत्ते को उनके घर के सामने शौच कराने लाता था। घर के सामने लगातार गंदगी होने से परेशान होकर उन्होंने कई बार इसका विरोध किया और कुत्ते को वहां शौच नहीं कराने की बात कही थी। इसी मुद्दे को लेकर दोनों के बीच पहले भी कहासुनी हो चुकी थी। शिकायत के मुताबिक 25 जून की रात करीब साढ़े आठ बजे अन्नू तिवारी उनके घर पहुंचा। आते ही उसने गाली-गलौज शुरू कर दी और यह कहते हुए कि मेरे कुत्ते को शौच कराने से रोकने वाला तू कौन होता है, प्रहलाद को घर से बाहर बुला लिया। इसके बाद कथित रूप से जान से मारने की धमकी दी और अपनी कमर से बेल्ट निकालकर उनकी पिटाई कर दी। मारपीट में प्रहलाद कुमार लोहले के बाएं हाथ की भुजा, बाईं जांघ और पीठ पर चोटें आईं। ▶▶| शेष पेज 10 पर

## हाई बीम व मॉडिफाइड लाइट बंद नहीं करने पर विवाद, पिता-पुत्र की पिटाई

### मारीपारा में मोटरसाइकिल की चकाचौंध करने वाली रौशनी के नाम पर वारदात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



तीन आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज

बारदेवरी मारीपारा में मोटरसाइकिल पर लगी तेज एवं चकाचौंध करने वाली लाइट बंद करने की समझाइश देना एक युवक और उसके पिता को महंगा पड़ गया। समझाइश से नाराज कुछ युवकों ने दोनों के साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट कर दी। मामले की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

थाना कांकेर में शिकायत करने पहुंचे बारदेवरी मारीपारा निवासी 35 वर्षीय ललित नाग ने पुलिस को बताया कि 25 जून की शाम करीब 7 बजे वह अपने घर के पास खड़ा था। इसी दौरान गांव के निखिल पटेल, हिमांशु धनेलिया, ओमकार पटेल तथा उनके अन्य साथी मोटरसाइकिलों से वहां पहुंचे। उनकी मोटरसाइकिलों में अत्यधिक तेज एवं विभिन्न प्रकार की जलने वाली मॉडिफाइड लाइटें लगी हुई थीं, जिनसे सामने से आने-जाने वाले लोगों को परेशानी हो रही थी। उसने केवल इतना कहा कि लाइट बंद कर दो, क्योंकि इससे सामने से आने वाले लोगों को ठीक से दिखाई नहीं देता। इस बात से नाराज होकर सभी युवक उसके पास पहुंचे और क्या बोला कहते हुए गाली-गलौज शुरू कर दी। ▶▶| शेष पेज 10 पर

### आसमान में बादलों और धूप की आंख-मिचौनी का सिलसिला शुरू

# छाए बादल, हुई झमाझम बारिश, उमस से मिली राहत

*दिनभर तेज धूप और उमस से परेशान लोगों को शुक्रवार की शाम मौसम ने बड़ी राहत दी। सुबह से आसमान साफ रहने और तेज धूप निकलने के कारण तापमान में लगातार बढ़ोतरी होती रही, जिससे वातावरण में उमस काफी बढ़ गई थी। लोग दिनभर गर्मी और चिपचिपाहट से बेहाल रहे, लेकिन शाम होते-होते मौसम ने अचानक करवट ली और झमाझम बारिश ने गर्मी का असर काफी हद तक कम कर दिया।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

सुबह से ही तेज धूप के कारण बाजारों, कार्यालयों और सड़कों पर निकलने वाले लोगों को गर्म हवाओं और उमस का सामना करना पड़ा। दोपहर बाद मौसम में बदलाव के संकेत दिखाई देने लगे। आसमान में बादलों और धूप के बीच आंख-मिचौली का सिलसिला शुरू हो गया। कभी तेज धूप निकलती तो कुछ ही देर बाद बादल उसे ढक लेते। बदलते मौसम को देखकर अधिकांश लोगों को शाम तक बारिश होने की उम्मीद थी। शाम करीब साढ़े छह बजे अचानक आसमान में घने बादल छा गए। तेज हवा के साथ शुरू हुई बारिश ने कुछ ही मिनटों में पूरे शहर का मौसम बदल दिया। सड़कों पर पानी बहने लगा और वातावरण में ठंडक घुल गई। बारिश अधिक देर तक नहीं हुई, लेकिन इतनी जरूर हुई कि भीषण गर्मी और उमस से लोगों को काफी राहत मिल गई। बारिश के दौरान बाजार में खरीदारी कर रहे लोग दुकानों और छज्जों के नीचे रुककर बारिश थमने का इंतजार करते रहे, जबकि कई बच्चों ने बारिश में भीगकर मौसम का भरपूर आनंद लिया।

### मेघों की मेहरबानी से खुश हुए किसान, खरीफ फसल को मिला नया जीवन

कृषि कार्यों में आई तेजी



तापमान में गिरावट

*बारिश के बाद तापमान में गिरावट दर्ज की गई और वातावरण में ठंडक महसूस की गई। लंबे समय बाद चली ठंडी हवाओं ने लोगों को सुकून दिया। किसानों ने भी इस बारिश को खेती-किसानी के लिए लाभदायक बताया। उनका कहना है कि यदि आने वाले दिनों में इसी तरह नियमित बारिश होती रही तो खरीफ फसलों की बुवाई और खेतों की तैयारी में तेजी आएगी।*

### दिखने लगा मानसून का असर

*मौसम जानकारों का कहना है कि आगामी दिनों में भी बादल छाए रहने और कहीं-कहीं हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना बनी हुई है। ऐसे में लोगों को बदलते मौसम को देखते हुए आवश्यक सावधानी बरतने की सलाह दी गई है। शुक्रवार शाम हुई इस बारिश ने यह साबित कर दिया कि भीषण गर्मी और उमस के बीच मानसून अब धीरे-धीरे अपना असर दिखाने लगा है। थोड़ी देर की बारिश ने लोगों के चेहरे पर राहत की मुस्कान ला दी और मौसम को सुहावना बना दिया।*

अग्रसेन प्रा. आई.टी.आई
ITI KANKER
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T. New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
गढ़ पिछवाड़ी रोड, कांकेर, (छ.ग.)
89595-93930 • 89595-44444

## खबर संक्षेप

### जनजागरुकता के लिए जल जंगल यात्रा 2.0 आज

**केशकाल।** जन-जंगल यात्रा–2.0 शनिवार को आयोजित होगी।



जंगल यात्रा–2.0 का उद्देश्य प्रकृति संरक्षण, पर्यावरण संवर्धन तथा जन-जागरुकता का संदेश आमजन तक पहुंचाना है। जल जंगल यात्रा के लिए सभी पंजीकृत यात्री केशकाल बस स्टैंड में एकत्रित होंगे, जहां से गढ़सिलयारा की ओर जन-जागरुकता ट्रैकिंग का शुभारंभ किया जाएगा। विधायक नीलकंठ टेकाम ने इस यात्रा हेतु एक दिन पहले बैठक लेकर जानकारी ली है। श्री टेकाम ने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सुरक्षा की दृष्टि से अनिवार्य रूप से शूज पहनने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ट्रैकिंग वन क्षेत्र एवं दुर्गम मार्गों से होकर गुजरेगी, इसलिए सभी प्रतिभागी सुरक्षा मानकों का पालन करते हुए इसमें शामिल हों।

### विधायक ने अस्पताल का लिया जायजा, मरीजों का जाना हाल



**केशकाल।** विधायक नीलकंठ टेकाम ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचकर अस्पताल की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विभिन्न वार्डों एवं कक्षों का अवलोकन कर भर्ती मरीजों से उनका हालचाल जाना। विधायक टेकाम ने मरीजों एवं उनके परिजनों से चर्चा कर उपचार, दवाइयों की उपलब्धता तथा अस्पताल में मिल रही सुविधाओं की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने जनऔषधि केंद्र का भी अवलोकन किया और वहां उपलब्ध दवाओं की स्थिति के बारे में जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के दौरान विधायक टेकाम ने कहा कि आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकता है। वे लगातार क्षेत्र में पहुंचकर विभिन्न शासकीय संस्थाओं की व्यवस्थाओं का अवलोकन कर रहे हैं, ताकि जनता को बेहतर सुविधाएं मिल सकें। अस्पताल में विधायक को अपने बीच पाकर मरीजों एवं परिजनों ने भी प्रसन्नता व्यक्त की।

### डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए काउंसिलिंग जारी

**जगदलपुर।** तकनीकी शिक्षा विभाग के डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु द्वितीय चरण की काउंसलिंग 30 जून तक संचालित हो रही है। शासकीय कन्या पॉलिटेक्निक में स्थापित अभ्यर्थी सुविधा केंद्र में छात्राएं एवं पालक प्रवेश संबंधी जानकारी प्राप्त कर रहे हैं। संस्था में संचालित चार त्रिवर्षीय डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में इच्छुक अभ्यर्थियों को काउंसलिंग प्रक्रिया, ऑनलाइन पंजीयन, दस्तावेज सत्यापन एवं सीट चयन संबंधी आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया जा रहा है। बस्तर जिले एवं संभाग की छात्राओं को संभाग में स्थित पॉलीटेक्निक संस्थाओं में प्रवेश हेतु विशेष अवसर प्रदान करते हुए प्रवेश परीक्षा में छुट प्रदान की गई है। जिसके आधार पर बस्तर अंचल के छात्र-छात्राएं सीधे ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत कर प्रवेश प्राप्त कर सकते हैं।

# महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए ग्रामीण उद्योगों को बढ़ावा देने पर जोर

## केंद्रीय प्रभारी अधिकारी पी. नरहरि ने चिपावण्ड में स्व-सहायता समूहों से किया संवाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

नीति आयोग भारत सरकार के केंद्रीय प्रभारी अधिकारी पी. नरहरि ने गुरुवार को विकासखंड कोंडागांव के ग्राम चिपावण्ड स्थित महतारी सदन पहुंचकर स्व–सहायता समूह की महिलाओं से संवाद किया। उनकी आजीविका गतिविधियों की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने कोंडानार गारमेंट फैक्ट्री का भी अवलोकन किया।

श्री नरहरि ने महतारी सदन में संचालित आजीविका सेवा केंद्र का निरीक्षण कर दुकान संचालन से होने वाली आय एवं महिलाओं को मिल रहे आर्थिक लाभ की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने समूह की महिलाओं से उनके कार्यों, आय के स्त्रोतों और भविष्य की योजनाओं पर चर्चा की। महिलाओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि आय बढ़ाने के लिए उपलब्ध संसाधनों का बेहतर उपयोग और नियमित प्रशिक्षण आवश्यक है।





### शिक्षा और कौशल विकास पर दिया बल

श्री नरहरि ने 12वीं उत्तीर्ण महिलाओं को उच्च शिक्षा जारी रखने तथा कौशल विकास प्रशिक्षण प्राप्त कर रोजगार एवं स्वरोजगार के नए अवसरों का लाभ उठाने की सलाह दी।

उन्होंने महिलाओं को स्वरोजगार एवं सूक्ष्म उद्योगों की स्थापना के लिए शासन की योजनाओं का लाभ लेने और ग्रामीण उद्योगों की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर कलेक्टर श्रीमती नुपूर राशि पन्ना, जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई, अपर कलेक्टर चित्रकांत चाली ठाकुर, एसडीएम अजय उरांव, डिप्टी कलेक्टर किशोर शर्मा, तहसीलदार मनोज रावटे सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## आयोजन: मर्दापाल क्षेत्र को 8.63 करोड़ रुपए के विकास कार्यों की बड़ी सौगात

# वनमंत्री ने सड़क और पुल निर्माण परियोजनाओं का किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

- बेहतर सड़कें बनेंगी विकास की आधारशिला, ग्रामीणों की वर्षों पुरानी मांग पूरी

मर्दापाल क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में आधारभूत अधोसंरचना को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए वन, जलवायु परिवर्तन, परिवहन, सहकारिता एवं संसदीय कार्य मंत्री केदार कश्यप ने लगभग 8 करोड़ 63 लाख 78 हजार रुपए की लागत से विभिन्न सड़क एवं पुल–पुलिया निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया। इन परियोजनाओं के पूरा होने से क्षेत्र के हजारों ग्रामीणों को बेहतर आवागमन सुविधा मिलने के साथ शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि और व्यापार को नई गति मिलेगी।

भूमिपूजन के तहत खोड़सानार से नवागांव तक 2.30 किलोमीटर डामरीकरण सड़क, बांसगांव से जोगियालवाड़ मार्ग पर फोटकी नाला में मध्यम पुल, मर्दापाल–बयानार मार्ग पर नवागांव से एहरा तक पुलिया एवं एप्रोच निर्माण, आदनार क्षेत्र में तीन पुलियों का निर्माण तथा तोड़म मेन रोड से मुंडापारा तक 2.65 किलोमीटर सड़क निर्माण जैसे महत्वपूर्ण कार्य शामिल हैं। इन परियोजनाओं से विशेष रूप से बरसात के मौसम में होने वाली आवागमन की समस्याओं का समाधान होगा और दूरस्थ गांवों की कनेक्टिविटी मजबूत होगी।



### हजारों ग्रामीणों को मिलेगा सीधा लाभ

वनमंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि इन निर्माण कार्यों के पूर्ण होने के बाद मर्दापाल क्षेत्र की विकास यात्रा को नई गति मिलेगी और हजारों ग्रामीणों के जीवन में सकारात्मक बदलाव आएगा। सरकार जनविश्वास के साथ विकास की इस रफ्तार को बनाए रखने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

### हर गांव तक पहुंचे विकास' सरकार की प्राथमिकता : केदार

भूमिपूजन समारोह को संबोधित करते हुए मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार विकास को अंतिम छोर तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य केवल शहरों का विकास नहीं, बल्कि ग्रामीण और वनांचल क्षेत्रें में भी गुणवत्तापूर्ण सड़क, पुल और अन्य मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना है। मंत्री ने कहा कि मजबूत सड़क नेटवर्क किसी भी क्षेत्र के समग्र विकास की नींव होता है। अच्छी सड़कें बनने से किसानों को अपनी उपज बाजार तक पहुंचाने में आसानी होगी, विद्यार्थियों को शिक्षा और मरीजों को समय पर स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकेंगी, वहीं आम नागरिकों का आवागमन भी सुगम होगा।

### बस्तर के समग्र विकास के लिए सरकार प्रतिबद्ध

वन मंत्री श्री कश्यप ने कहा कि बस्तर का विकास राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। सड़क, पुल, शिक्षा, स्वास्थ्य, सिंचाई और जनकल्याण से जुड़े कार्यों को तेज गति से आगे बढ़ाया जा रहा है। ताकि ग्रामीण क्षेत्रों का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित हो सके। उन्होंने भरोसा दिलाया कि भविष्य में भी क्षेत्र की आवश्यकताओं के अनुरूप विकास कार्यों को निरंतर स्वीकृति दी जाएगी।

# मातृ एवं शिशु अस्पताल का निरीक्षण, स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता को लेकर दिया जोर

**कोण्डागांव।** नीति आयोग, भारत सरकार के केंद्रीय प्रभारी अधिकारी पी. नरहरि ने शहर स्थित मातृ एवं शिशु अस्पताल का निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं एवं उपलब्ध सुविधाओं की समीक्षा की। उन्होंने मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने, अस्पताल में स्वच्छता बनाए रखने तथा फायर सेफ्टी मानकों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।



निरीक्षण के दौरान श्री नरहरि ने स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग का दौरा कर प्रसव एवं सोनोग्राफी जैसी आवश्यक सेवाओं की जानकारी ली। उन्होंने अस्पताल में उपलब्ध सुविधाओं और मरीजों को दी जा रही सेवाओं की समीक्षा की। उन्होंने पोषण पुनर्वास केंद्र में भर्ती बच्चों की स्वास्थ्य स्थिति की जानकारी ली तथा उनकी माताओं से संवाद किया। इस दौरान बच्चों के पोषण और देखभाल से संबंधित आवश्यक सुझाव भी दिए।

**पारंपरिक मालिश और सुपोषण पर बल** – श्री नरहरि ने स्वास्थ्य कर्मियों को निर्देश दिए कि उपचार एवं पौष्टिक आहार के साथ माताओं को बच्चों की नियमित पारंपरिक मालिश के लिए भी प्रेरित करें, ताकि उनके समग्र शारीरिक विकास को बढ़ावा मिल सके। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्रीमती नुपूर राशि पन्ना ने जिले में संचालित सुपोषित जीवन अभियान के तहत बच्चों को दिए जा रहे विशेष पौष्टिक आहार एवं पोषण संबंधी गतिविधियों की जानकारी प्रस्तुत की।

**अधिकारी एवं चिकित्सक रहे उपस्थित** – इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई, अपर कलेक्टर चित्रकांत चाली ठाकुर, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर.के. चतुर्वेदी, सिविल सर्जन डॉ. पी.एल. मंडावी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, चिकित्सक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# दिवंगत सहायक प्रोग्रामर के परिवार को 38 लाख रुपए की सहायता



हरिभूमि न्यूज ▶▶| केशकाल

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देशन और पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री विजय शर्मा ने मार्गदर्शन में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना मनरेगा अंतर्गत कार्यरत कर्मचारियों के कल्याण और उनके परिवारों की सुरक्षा के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता का उदाहरण सामने आया है। जनपद पंचायत में पदस्थ रहे दिवंगत सहायक प्रोग्रामर मनरेगा दीपक मरकाम के असामयिक निधन के पश्चात उनके परिवार को आर्थिक संबल प्रदान किया गया। सड़क दुर्घटना में दीपक की मौत के बाद एक्सिस बैंक द्वारा सैलरी अकाउंट के अंतर्गत उपलब्ध दुर्घटना मृत्यु बीमा के तहत 30 लाख रुपए की बीमा राशि तथा बच्चों की शिक्षा के लिए 8 लाख रुपये की अतिरिक्त सहायता प्रदान की गई। इस प्रकार उनके परिवार को कुल 38 लाख रुपये की सहायता राशि मिली। जिला प्रशासन एवं बैंक के समन्वय से त्वरित कार्रवाई करते हुए आवश्यक औपचारिकताएं पूर्ण की गईं और सहायता राशि का चेक दिवंगत कर्मचारी की पत्नी मालती मरकाम को प्रदान किया गया।



# बिजली विभाग के आवासीय परिसर में सुरक्षा व्यवस्था चरमराई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- मवेशियों के जमावड़े से कालोनीवासी परेशान

शहर के गीदम रोड स्थित राज्य विद्युत वितरण कंपनी के आवासीय परिसर में जनवरी से सुरक्षा गार्डों की नियुक्ति नहीं होने के कारण सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। सुरक्षा व्यवस्था के अभाव में परिसर में बड़ी संख्या में आवारा मवेशियों का जमावड़ा लगा रहता है, जिससे कर्मचारियों एवं उनके परिवारों को असुविधा के साथ-साथ दुर्घटना की आशंका भी बनी हुई है। आवासीय परिसर में दिनभर गाय एवं बछड़े खुलेआम विचरण करते रहते हैं। इससे परिसर की स्वच्छता प्रभावित हो रही है तथा सरकारी संपत्ति की सुरक्षा पर भी गंभीर प्रश्नचिह्न खड़े हो गए हैं। सुरक्षा गार्डों की अनुपस्थिति के कारण बाहरी व्यक्तियों का आवागमन भी अनियंत्रित हो गया है, जिससे चोरी, असामाजिक गतिविधियों एवं अन्य अप्रिय घटनाओं की संभावना बढ़ गई है। आवासीय परिसर के रहवासियों ने मांग की कि आवासीय परिसर में तत्काल सुरक्षा गार्डों की नियुक्ति की जाए। परिसर में आवारा मवेशियों के प्रवेश पर प्रभावी रोक लगाने के लिए आवश्यक व्यवस्था की जाए। परिसर की नियमित निगरानी एवं सुरक्षा व्यवस्था को पुनः सुदृढ़ किया जाए। सरकारी संपत्तियों एवं कर्मचारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक प्रशासनिक कदम तत्काल उठाए जाएं।

# आवारा मवेशियों के गले में बांधी गई रेडियम बेल्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| केशकाल

- सड़क सुरक्षा को लेकर पुलिस की अभिनव पहल

एन-30 में लगातार हो रही सड़क दुर्घटनाओं और आगामी बारिश के मौसम को देखते हुए कोंडागांव पुलिस ने सड़क सुरक्षा को लेकर एक अभिनव पहल की है। पुलिस ने शहर की सड़कों पर घूमने वाले आवारा मवेशियों के गले में रेडियम बेल्ट बांधने का अभियान चलाया, ताकि रात्रि के समय वाहन चालकों को मवेशी दूर से ही दिखाई दें और दुर्घटनाओं से बचा जा सके।

एसडीओपी अरुण नेताम ने बताया कि पुलिस अधीक्षक पंकज चंद्रा के निर्देशानुसार एडिशनल एसपी कपिल चंद्रा के मार्गदर्शन में आज पुलिस द्वारा पशु विभाग एवं स्थानीय गौरक्षकों के सहयोग से आवारा मवेशियों के गले मे रेडियम बेल्ट लगाया गया है। अक्सर रात के समय सड़क पर बैठे या घूमते आवारा मवेशी वाहन चालकों को समय पर दिखाई नहीं देते, जिसके कारण दुर्घटनाएं होती हैं। बरसात के मौसम में दृश्यता और भी कम हो जाती है, जिससे हादसों का खतरा बढ़ जाता है। इसी समस्या के समाधान के लिए पुलिस ने यह विशेष अभियान शुरू किया है। इस अवसर पर एसडीओपी अरुण नेताम, थाना प्रभारी विकास बघेल, डॉ. कस्तूरी प्रधान, समाजसेवी गौरक्षक प्रफुल शर्मा, स्थानीय थाना स्टाफ़ उपस्थित रहे।



### काफी दूर से दिखाई दे सकेंगे मवेशी, बचेंगे दुर्घटना से

थाना प्रभारी विकास बघेल ने बताया कि सड़क सुरक्षा के प्रति जन जागरूकता बढ़ाने और दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से इस अभियान की शुरुआत की गई है। इस अभियान के दौरान शहर के प्रमुख मार्गों, चौक-चौराहों एवं व्यस्त सड़कों पर घूम रहे मवेशियों के गले में रेडियम बेल्ट बांधी गई। इन बेल्टों पर वाहन की हेडलाइट पड़ते ही तेज प्रकाश परावर्तित होगा, जिससे चालक काफी दूर से ही मवेशियों को देख सकेंगे और समय रहते वाहन की गति नियंत्रित कर सकेंगे।

## हमले में शामिल नौ आरोपियों को अब तक भेजा गया जेल

# सेमरा तलवारबाजी मामले में तीन फरार आरोपी विशाखापटनम से गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- घटनास्थल पेट्रोल पम्प की जांच के बाद चार ट्रक भी जब्त

नगरनार थाना क्षेत्र स्थित सेमरा पेट्रोल पम्प के करीब हुई ट्रक चालकों व मालिकों के बीच हुई खूनी झड़प के बाद हमला करने वाले तीन फरार आरोपियों को विशाखापटनम से गिरफ्तार किया गया है। मामले में तलवार से जानलेवा हमला करने वाले छह आरोपियों को पूर्व में गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था वहीं मामले में अब तक नौ आरोपी जेल भेजे जा चुके है।

गौरतलब है कि बीते दिनों नगरनार थाना क्षेत्र के सेमरा पेट्रोल पंप और भाऊ ढाबा के पास डीजल के खर्च को लेकर उपजे विवाद ने हिंसक रूप ले लिया था। दोनों ओर से विवाद इतना बढ़ा कि मौके पर मौजूद ट्रक चालकों ने एक राय होकर ट्रक मालिक आदित्य भदौरिया व दिव्यांश भदौरिया पर जानलेवा हमला कर दिया था।



मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी शलभ कुमार सिन्हा के निर्देश पर तत्काल मौके पर पहुंची नगरनार पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए घटना में शामिल आधा दर्जन आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था वहीं घटना के बाद फरार हो गए तीन आरोपियों की पड़ताल के लिए टीम पड़ोसी राज्य भेजा गया था। टीम द्वारा फरार आरोपी बलजीत, लवदीप एवं रजिन्दर सिंग को विशाखापटनम से गिरफ्तार कर लाया गया। तीनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया जहां से उन्हें न्यायिक रिमाण्ड में भेजा गया।

### ट्रकों के केबिन से धारदार हथियार बरामद

नगरनार टीआई संतोष सिंह ने बताया कि घटना दिनांक को स्थल की जांच में पेट्रोल पम्प के करीब से चार ट्रक जब्त किया गया था। इन ट्रकों से भी धारदार तलवार बरामद किया गया था। जिसके बाद सभी ट्रकों को जब्त कर थाने में रखा गया है। इनमें तीन ट्रक भैरमगढ़ व एक ट्रक जगदलपुर के पथरागुड़ा की बताई जा रही है। सभी ट्रकों के केबिन में छुपाकर रखा धारदार हथियार बरामद किया गया था।

## पेज 9 के शेष...

### ग्रामसभा ने बीएमओ पर कार्रवाई...

संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर कर्मचारी को उपस्थित होकर अपना पक्ष रखने के निर्देश दिए गए थे। इस दौरान हगेन्द्र सोनकर करीब 16 संघ सदस्यों के साथ कार्यालय पहुंचे और दबाव बनाने का प्रयास किया। इसके बाद पूरे मामले की लिखित जानकारी सीएमएचओ को दी गई, जिनके स्तर पर नियमानुसार कार्रवाई की गई।

### बोलेरो की ठोकर से बाइक सवार...

वर्तमान में घायल युवक का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है। पीड़ित की माँ फुलबती गोटा ने बताया कि बेटे की हालत गंभीर होने और उसके इलाज में लगातार व्यस्त रहने के कारण वे घटना के दिन रिपोर्ट दर्ज नहीं करा सकीं। आज स्थिति सामान्य होने पर उन्होंने थाने पहुँचकर आरोपी बोलेरो चालक के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी बोलेरो वाहन क्रमांक सीजी 19 डी 0258 का चालक के खिलाफ धारा 125 (ए), 281 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### कुत्ते को घर के सामने शौच कराने...

घटना के दौरान आसपास के लोगों ने भी हंगामा देखा और सुना। पीड़ित ने घटना के बाद थाना पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। भानुप्रतापपुर पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपी अन्नू तिवारी के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 115(2), 296 एवं 351(2) के तहत अपराध दर्ज कर मामले को विवेचना में ले लिया है।

### हाई बीम व मॉडिफाइड लाइट बंद...

शिकायत में आरोप लगाया गया है कि इसके बाद आरोपियों ने जान से मारने की धमकी देते हुए हाथ, मुक्कों, लातों तथा हाथ में पहने कड़े से उसकी पिटाई कर दी। मारपीट होते देख ललित के पिता लोकनाथ नाग बीच-बचाव करने पहुंचे तो आरोपियों ने उनके साथ भी मारपीट कर दी। इस घटना में ललित नाग के सिर, सीने और गले में चोटें आईं, जबकि उनके पिता के हाथ और कमर में चोट लगने की बात कही गई है। ललित नाग कि शिकायत पर पुलिस ने आरोपी निखिल पटेल, हिमांशु धनेलिया, ओमकार पटेल एवं अन्य के खिलाफ धारा 115 (2), 296, 3 (5), 351 (3) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

# वर्षों से उपेक्षित मार्ग अब पूरी तरह हो चुका जर्जर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घाटलोहंगा

बस्तर मुख्यालय से महज 4 से 5 किलोमीटर दूर ग्राम चिड़ियापदर से टिकरालोहंगा जाने वाला मुख्य मार्ग बदहाल स्थिति में पहुंच गया है। सड़क पर जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढों में पानी भरा हुआ है, जिससे यह मार्ग सड़क कम और तालाब अधिक दिखाई दे रहा है।

■ राजनीति की भेंट चढ़ा चिड़ईपदर-टिकरालोहंगा पहुंच मार्ग



ग्रामीणों का कहना है कि बारिश के दिनों में यह मार्ग पूरी तरह से आवागमन के लिए खतरनाक हो जाता है। ग्रामीणों के अनुसार इसी मार्ग से टिकरालोहंगा मिडिल स्कूल के छात्र-छात्राएं प्रतिदिन आवागमन करते हैं। वहीं वेयरहाउस खाद गोदाम तक ट्रकों का परिवहन भी इसी सड़क से होता है। इसके अलावा चिड़ियापदर, टिकरालोहंगा, होते हुए धरमपुरा और जगदलपुर पहुंचने के लिए यह महत्वपूर्ण संपर्क मार्ग है, जिसके माध्यम से लोग जगदलपुर तक पहुंचते हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि सड़क की बदहाली को लेकर कई बार समाचार पत्रों, टीवी चैनलों और सोशल मीडिया के माध्यम से मुद्दा उठाया गया। सरपंच, जनपद पंचायत, जिला पंचायत, कलेक्टर कार्यालय तथा क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों को भी शिकायतें और आवेदन दिए गए, मौजूदा सरकार के सांसद मंत्री को भी दिया गया है लेकिन आज तक समस्या का समाधान नहीं हो पाया है।

सड़क की खराब स्थिति के कारण कई छात्र-छात्राएं स्कूल जाते समय गिरकर चोटिल हो चुके हैं। वहीं दोपहिया वाहन चालकों, महिलाओं और किसानों को भी भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि अनेक बार शिकायत करने के बावजूद जब कोई सुनवाई नहीं हुई तो लोगों में शासन-प्रशासन के प्रति नाराजगी बढ़ती जा रही है।

### वरना आंदोलन का रास्ता अपनाने होंगे मजबूर

ग्रामीणों ने सवाल उठाया है कि आखिर इस सड़क के निर्माण और मरम्मत की जिम्मेदारी किस विभाग की है और इस समस्या का समाधान कौन करेगा, उनका कहना है कि यदि सड़क का उपयोग करने लायक नहीं बची है तो संबंधित विभाग को इसकी जवाबदेही तय करनी चाहिए। गांव के लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही सड़क निर्माण एवं मरम्मत का कार्य शुरू नहीं किया गया तो वे आंदोलन का रास्ता अपनाने को मजबूर होंगे। ग्रामीणों का कहना है कि वर्षों से उपेक्षा का शिकार यह मार्ग अब पूरी तरह जर्जर हो चुका है और किसी बड़ी दुर्घटना की आशंका लगातार बनी हुई है। ग्रामीणों की मांग है कि चिड़ियापदर-टिकरालोहंगा मार्ग की तत्काल मरम्मत की जाए। सड़क पर जलभराव की समस्या दूर करने नाली एवं जल निकासी की व्यवस्था की जाए, जिम्मेदार विभाग एवं अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाए, स्कूली बच्चों, किसानों और आम नागरिकों की सुरक्षा को प्राथमिकता दी जाए। जब सड़क ही तालाब बन जाए, तो विकास के दावों पर सवाल उठना स्वाभाविक है।

## खबर संक्षेप

### बच्चों को तिलक लगाकर कराया शाला प्रवेश



**तोंगपाल।** विकासखंड स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव पोटाकेबिन तोंगपाल में आयोजन किया गया। बच्चों के स्वागत के लिए स्कूल में हर्षोल्लास का माहौल था। सभी नव प्रवेशी छात्र-छात्राओं का पारंपरिक तरीके से तिलक लगाकर व माला पहनाकर स्वागत किया व नए गणवेश, कॉपी-किताब वितरित किया गया। मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य हूंगाराम मरकाम, जिला उपाध्यक्ष पार्वती प्रधानी, जिला पंचायत सदस्य सोमवती यादव, महिला मोर्चा से कौशल्या, जिला संयोजक आरटीआई प्रकोष्ट विकास भदौरिया, मंडल महामंत्री सोमारू नाग, मंडल मंत्री दिलीप गुप्ता, अमर पोयम, सरपंच, पंच डेनिल नाग, शांति नाग व ग्रामीण व शिक्षक सम्मिलित हुए।

### शाला प्रवेशोत्सव में नवप्रवेशी छात्रों का हुआ स्वागत



**सुकमा।** विकासखंड कोंटा अंतर्गत संकुल केंद्र जगरगुंडा, सिलगेर, मिसिगुड़ा, मिलमपल्ली एवं बंजेपल्ली में मंगलवार को जगरगुंडा में संकुल स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। कार्यक्रम के दौरान नवप्रवेशी छात्रों का पुष्प गुच्छ भेंट कर एवं टीका लगाकर स्वागत किया गया। साथ ही विद्यार्थियों को नियमित रूप से विद्यालय आने और शिक्षा के महत्व के प्रति प्रेरित किया गया। बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं को शासन की योजनाओं के तहत निःशुल्क पुस्तक, कॉपी, पेन एवं गणवेश का वितरण भी किया गया।

# महिला व बाल विकास मंत्री ने आंगनबाड़ी, एनआरसी इमली प्रसंस्करण एवं पुनर्वास केंद्र का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा

अपने एक दिवसीय सुकमा प्रवास के दौरान अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सभी बच्चों को गुणवत्तापूर्ण भोजन, स्वच्छ वातावरण और शिक्षा के लिए आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराए जाएं। उन्होंने विशेष रूप से कहा कि छोटे बच्चों को उनकी स्थानीय बोली और मातृभाषा में पढ़ाने का प्रयास किया जाए, जिससे उनकी सीखने की क्षमता और अधिक विकसित हो सके।

■ बच्चों के बीच बैठकर जानी पढ़ाई और पोषण की स्थिति

छत्तीसगढ़ शासन की महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने शुक्रवार को अपने एक दिवसीय सुकमा प्रवास के दौरान जिले में संचालित विभिन्न संस्थानों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्र, पोषण पुनर्वास केंद्र (एनआरसी), इमली प्रसंस्करण केंद्र तथा नक्सल पुनर्वास केंद्र का भ्रमण कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने बच्चों, महिलाओं और आत्मसमर्पित युवाओं से आत्मीय संवाद भी किया। निरीक्षण के दौरान किरण चव्हाण, जिला पंचायत सीईओ मुकुंद ठाकुर, डिप्टी कलेक्टर शबाब खान, वरिष्ठ जनप्रतिनिधि धनीराम बारसे, सांसद प्रतिनिधि अरुण सिंह भदौरिया, संयुक्त संचालक महिला एवं बाल विकास विभाग सिसोदिया, जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी शिवदास नेताम, रितीश टंडन सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। मंत्री श्रीमती राजवाड़े सबसे पहले राकेल स्थित आंगनबाड़ी केंद्र एवं एनआरसी सुकमा पहुंचीं। यहां उन्होंने बच्चों के बीच फर्श पर बैठकर उनकी पढ़ाई-लिखाई, स्वास्थ्य, पोषण और दैनिक गतिविधियों की जानकारी ली। बच्चों ने उत्साहपूर्वक एबीसीडी और पहाड़े सुनाए, जिस पर मंत्री ने उनकी सराहना की। उन्होंने बच्चों को फल एवं चॉकलेट वितरित कर उनका उत्साहवर्धन किया तथा परिसर में पौधारोपण भी किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी बच्चों को गुणवत्तापूर्ण भोजन, स्वच्छ वातावरण और शिक्षा के लिए आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराए जाएं। उन्होंने विशेष रूप से कहा कि छोटे बच्चों को उनकी स्थानीय बोली और मातृभाषा में पढ़ाने का प्रयास किया जाए, जिससे उनकी सीखने की क्षमता और अधिक विकसित हो सके।






### इमली प्रसंस्करण केंद्र में महिलाओं के कार्यों की सराहना

इसके बाद मंत्री ने कुम्हाररास स्थित इमली प्रसंस्करण केंद्र का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान कलेक्टर अमित कुमार ने केंद्र की गतिविधियों की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि यहां स्व-सहायता समूह की लगभग 60 महिलाओं को रोजगार उपलब्ध कराया गया है। केंद्र में इमली से विभिन्न मूल्यवर्धित उत्पाद तैयार किए जा रहे हैं, जिससे महिलाओं की आय में वृद्धि हो रही है। मंत्री ने केंद्र की उत्पादन इकाइयों का निरीक्षण कर महिलाओं के कार्यों की सराहना की और कहा कि ऐसे स्वरोजगार आधारित मॉडल ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने समूह की महिलाओं का उत्साह बढ़ाते हुए उत्पादन और विपणन को और मजबूत करने के निर्देश भी दिए।

### आत्मसमर्पित युवाओं को मुख्यधारा से जुड़ने की प्रेरणा

अपने दौरे के अंतिम चरण में मंत्री श्रीमती राजवाड़े नक्सल पुनर्वास केंद्र पहुंचीं। यहां उन्होंने आत्मसमर्पित युवाओं के रहने, भोजन, प्रशिक्षण और पुनर्वास संबंधी व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। कलेक्टर अमित कुमार ने जानकारी दी कि केंद्र में आत्मसमर्पित युवाओं को विभिन्न रोजगारपरक प्रशिक्षण देकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान मंत्री ने 36 प्रशिक्षणार्थियों को वेलकम किट वितरित की। उन्होंने केंद्र में रह रहे युवाओं से आत्मीय चर्चा करते हुए उन्हें समाज की मुख्यधारा से जुड़कर सम्मानजनक जीवन जीने, परिवार के साथ सुखद भविष्य बनाने और आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार पुनर्वास के माध्यम से उन्हें नई शुरुआत का अवसर प्रदान कर रही है, जिसका पूरा लाभ उठाना चाहिए।

## किरंदुल परियोजना डायमंड व प्लेटिनम अवार्ड से सम्मानित




**किरंदुल।** एनएमडीसी लिमिटेड की बैलाडीला आयरन ओर माइन्स, किरंदुल कॉम्प्लेक्स परियोजना को 25 जून को होटल रेडिशन ब्लू उद्योग विहार गुरूग्राम में आयोजित प्रतिष्ठित ईएसजी और ईएचएस लीडरशीप फोरम सम्मेलन में द्वितीय ऑनर्ज एक्सीलेन्स अवार्ड में धातु एवं खनन क्षेत्र में पर्यावरण कार्यों की उत्कृष्टता के लिए डायमंड अवार्ड और स्वास्थ्य एवं सुरक्षा के उत्कृष्ट कार्यों के लिए प्लेटिनम अवार्ड से सम्मानित किया गया। यह दोनों पुरस्कार किरंदुल परियोजना की ओर से केपी सिंह मुख्य महाप्रबंधक उत्पादन एवं देबब्रत मंडल वरिष्ठ प्रबंधक पर्यावरण ने ग्रहण किया। इस समारोह में देशभर के उद्योग व कॉर्पोरेट जगत के दिग्गज शामिल हुए। इस अवाड्र्स के माध्यम से एनएमडीसी लिमिटेड की पर्यावरण विकास कार्यों एवं स्वास्थ्य व सुरक्षा कार्यों को उत्कृष्ट प्रदर्शन को मान्यता दी गई, जो विभिन्न परियोजनाओं और पहलों के जरिए प्राप्त की गई है। इस प्रतिष्ठित पुरस्कार के लिए परियोजना प्रमुख रवीन्द्र नारायण, अधिशासी निदेशक और केएल नागवेणी उप महाप्रबंधक मानव संसाधन ने सभी अधिकारियों एवं कार्मिकों को बधाई दी है।

# बारसूर को गीदम से जोड़ने वाला मार्ग जर्जर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

गीदम ब्लॉक के बारसूर इलाके के लोगों के लिए ब्लॉक व जिला मुख्यालय तक आवाजाही की समुचित सुविधा नहीं है। गीदम-बारसूर मार्ग में जगह- जगह गड्ढे है। यही नहीं इस मार्ग पर बने पुल भी खराब हो चुके हैं। इसमें राम मन्दिर के समीप गणेश बहार नाला के पुल की स्थिति चिंताजनक है। बावजूद इस जगह पर नए पुल का निर्माण नहीं किया जा रहा है। अगस्त 2025 में अतिवृष्टि के बाद बाढ़ के चलते गणेश बहार नाला के पुल को काफी नुकसान हुआ था। काफी दिनों तक पुल के उपर से आवाजही बंद रही। लगभग एक माह तक पुरनतरई से उपेट होते हुए बारसूर व आसपास के गाँव के रहवासी गीदम- दंतेवाड़ा बड़ी मुश्किल से पहुंचते थे। बारिश के बाद अगस्त- सितम्बर 2025 में गणेश बहार जर्जर पुल के एप्रोच रोड में मिट्टी डाल आवागमन की वैकल्पिक व्यवस्था की गई। वही पुल के उपर ढलाई गिट्टी डाल कामचलाऊ मरम्मत किया गया। आज भी पुल के किनारे लकड़ी गाड़ रस्सी का घेराव किया गया है। हल्की बूंदा- बांदी होने पर गणेश बहार पुल में पानी जमा हो रहा है। ऐसे में तेज बारिश होगी तो आने वाले दिन में इस पुल से सफर करने में यात्रियों को ना केवल परेशानी होगी बल्कि दुर्घटना की भी आशंका है।

# शिविर में सड़क सुरक्षा व यातायात नियमों पर किया जागरूक




हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोंड

परचनपाल स्थित 1 छत्तीसगढ़ गर्ल्स एनसीसी बटालियन के वार्षिक प्रशिक्षण शिविर में कैडेटों को जिम्मेदार नागरिक बनाने तथा सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से यातायात नियम एवं सड़क सुरक्षा विषय पर एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर संतोष जैन, डीएसपी ट्रैफिक जगदलपुर एवं मधुसूदन नाग, प्रभारी ट्रैफिक आरआई ने यातायात नियमों के पालन, सड़क पर सुरक्षित व्यवहार, हेलमेट एवं सीट बेल्ट के अनिवार्य उपयोग, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन के दुष्प्रभाव तथा दुर्घटनाओं की रोकथाम के विभिन्न उपायों पर विस्तार से जानकारी दी। इसके अतिरिक्त डीसी बंजारे, क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी आरटीओ तथा रवि रामटके, सहायक लेखा अधिकारी, आरटीओ ने मोटर वाहन अधिनियम, वैध ड्राइविंग लाइसेंस, वाहन दस्तावेजों की आवश्यकता तथा सड़क सुरक्षा से जुड़े कानूनी प्रावधानों के विषय में कैडेटों को अवगत कराया। वक्ताओं ने बताया कि सड़क दुर्घटनाएं आज एक गंभीर सामाजिक चुनौती हैं, जिन्हें केवल नियमों के प्रति जागरूकता और अनुशासित आचरण के माध्यम से ही कम किया जा सकता है। उन्होंने जोर देकर कहा कि एनसीसी कैडेट समाज में अनुशासन, नेतृत्व एवं जन-जागरूकता के प्रभावी दूत होते हैं। विशेष रूप से बालिका कैडेट अपने परिवार, विद्यालय एवं समुदाय में सड़क सुरक्षा संबंधी संदेशों का प्रसार कर सुरक्षित यातायात संस्कृति के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दे सकती हैं। कार्यक्रम के अंत में सभी कैडेटों ने सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों का सदैव पालन करने तथा दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करने की शपथ ली। कैडेटों ने यह संकल्प भी लिया कि वे जिम्मेदार नागरिक के रूप में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता फैलाने में सक्रिय भूमिका निभाएंगी। यह कार्यक्रम कैडेटों के व्यक्तित्व विकास, सामाजिक उत्तरदायित्व एवं नागरिक चेतना को सुदृढ़ करने की दिशा में अत्यंत उपयोगी सिद्ध हुआ।

# शक्ति केंद्र की बैठक में जनसेवा का संकल्प



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

भाजपा नगरनार मंडल अंतर्गत माड़पाल शक्ति केंद्र की मासिक बैठक में केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को घर-घर पहुंचाने तथा संगठन को बूथ स्तर पर अधिक मजबूत बनाने पर चर्चा की गई। मुख्य वक्ता वरिष्ठ उपाध्यक्ष सिमांचल दास ने प्रधानमंत्री आवास योजना, किसान निधि, उज्ज्वला गैस कनेक्शन, निःशुल्क राशन सहित विभिन्न योजनाओं की जानकारी देते इनका लाभ आम जनता तक पहुंचाने का आह्वान किया। मंडल उपाध्यक्ष सविता साहनी ने पुत्री जन्म पर मिलने वाले 6000 की सहायता राशि सहित महिलाओं एवं बालिकाओं के हित में संचालित योजनाओं की जानकारी दी। मंडल महामंत्री राजेश शर्मा ने मेरा बूथ सबसे मजबूत अभियान के तहत कार्यकतार्ओं से बूथ स्तर तक पहुंचकर सरकार की योजनाओं का प्रचार-प्रसार करने तथा प्रत्येक माह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को बूथ स्तर पर सामूहिक रूप से सुनने का आग्रह किया। महिला मोर्चा अध्यक्ष लक्ष्मी घरत ने महतारी वंदन योजना एवं सुकन्या समृद्धि योजना के विषय में जानकारी प्रदान की। मंच संचालन मंडल मंत्री एवं माड़पाल शक्ति केंद्र प्रभारी सुरेश ठाकुर ने किया। इस अवसर पर किसान मोर्चा प्रकोष्ठ अध्यक्ष घनश्याम सेठिया, अनुसूचित जनजाति प्रकोष्ठ अध्यक्ष नीलकंठ धूव्र , अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ मंत्री मनीष चालकी, लेम्प्स अध्यक्ष जयराम नाग, बूथ अध्यक्ष पाकलूराम कश्यप, राजेंद्र नाग सहित ग्रामीणजन उपस्थित रहे। यह जानकारी महामंत्री युवा मोर्चा सुनील नाग ने दी है।

# 30 जून से सुकमा में महिला आयोग का लगेगा कोर्ट : दीपिका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोंटा



एक साल 6 महीना का कार्यकाल पूरा करते हुए भाजपा नेत्री छग महिला आयोग सदस्य सुश्री दीपिका सोरी ने कोंटा विश्राम गृह में प्रेसवार्ता ली। इस दौरान उन्होनें उनके कार्यकाल अवधि के प्रथम बार तीस जून के कलेक्टर सभागार में महिला आयोग की दसवीं सुनवाई होने की जानकारी देते हुए कहा। कुल 23 प्रकरण लगने की जानकारी देते हुए कहा महिलाएं अधिक से अधिक पहुंचने की अपील की है। महिला आयोग में लगाए जाने वाले विभिन्न प्रकरणों की जानकारी दी और बस्तर संभाग प्रभारी होने की बात कही। 30 जून को होने वाली सुनवाई में अधिक से अधिक प्रकरण लगाने तथा इसी माह सुकमा जिला के एक प्रकरण के तहत वन टाइम सेटलमेंट के राशि के तहत आयोग द्वारा पांच लाख की राशि देने का आदेश होने तथा जिसका पहला किश्त 30 जून को सुकमा में देने की जानकारी दी और इसका लाभ लेने महिलाओं से आह्वान किया।

### कबीर पंथी समाज 29 को निकालेगा शोभायात्रा



**घाटलोहंगा।** कबीर पंथी समाज मटनार पनकापारा आयोजक समिति के प्रतिनिधिमंडल ने आज बस्तर विधायक एवं विधानसभा के उपनेता प्रतिपक्ष लखेश्वर बघेल से मुलाकात कर उन्हें 29 जून को आयोजित होने वाले 628वें सद्गुरु कबीर साहेब प्राणोत्सव एवं शोभायात्रा में मुख्य रूप से शामिल होने निमंत्रण पत्र भेंट किया। प्रतिनिधिमंडल ने विधायक को बताया कि कबीर साहेब प्राणोत्सव को श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ मनाया जाएगा। कार्यक्रम में कलश यात्रा, शोभायात्रा, सत्संग, भजन-कीर्तन एवं महाप्रसादी का आयोजन किया जाएगा, जिसमें बड़ी संख्या में कबीर पंथी समाज सहित क्षेत्र के श्रद्धालु शामिल होंगे। सदस्यों ने विधायक से कार्यक्रम में उपस्थित होकर समाज को अपना आशीर्वाद एवं मार्गदर्शन देने का आग्रह कियाद्ध इस अवसर पर विधायक ने निमंत्रण स्वीकार करते हुए आयोजक समिति का आभार व्यक्त किया तथा कहा कि संत कबीर साहेब के विचार समाज में समानता, भाईचारा, प्रेम और मानवता का संदेश देते हैं ऐसे धार्मिक एवं सामाजिक आयोजन सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक मूल्यों को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

### तसर पालन से बढ़ेगी ग्रामीणों की आय

**बीजापुर।** कार्यालय सहायक संचालक रेशम के तकनीकी विशेषज्ञों द्वारा कोसा बीज केंद्र भैरमगढ़ के हितग्राहियों को तसर खाद्य पौधे अर्जुन एवं साजा की नर्सरी तैयार करने संबंधी प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण का उद्देश्य हितग्राहियों को गुणवत्तापूर्ण पौध उत्पादन की तकनीक से अवगत कराना तथा तसर पालन के लिए आवश्यक खाद्य पौधों की उपलब्धता सुनिश्चित करना था। प्रशिक्षण के दौरान हितग्राहियों को बीज चयन, बीज अंकुरण की विधि, पॉलीबैग में मिट्टी, रेत एवं जैविक खाद के उचित अनुपात, पौधों की देखभाल, संरक्षण एवं नर्सरी प्रबंधन की संपूर्ण तकनीकी जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के परिणामस्वरूप हितग्राहियों द्वारा लगभग 5000 अर्जुन एवं साजा के पौधे तैयार किए गए हैं। तकनीकी विशेषज्ञों के अनुसार वर्तमान में तैयार इन पौधों को आगामी वर्ष लगभग एक हेक्टेयर क्षेत्रफल में रोपित किया जाएगा। पौधों के पूर्ण विकसित होने के बाद इन पर लगभग 400 तसर स्वस्थ डिम्भ समूहों का पालन किया जा सकेगा।

सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का
A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा
Multi Para Monitors / Bubble CPAP
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था
State of the art NICU including care for Preterm, Term
वातानुकुलित बच्चों का वार्ड
Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
डॉ. विजय रावत (MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)
मो. 9981321524 / 7223011528

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बावासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर)
फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेजर मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

न्यू मातृ स्मृति हॉस्पिटल
मैटरनिटी, चिल्ड्रन्स एवं सर्जिकल हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएँ
गर्भवती महिलाओं की संपूर्ण जांच व परामर्श नार्मल एवं सीजेरियन डिलीवरी
एवं बच्चेदानी का ऑपरेशन व नसबंदी
सर्वसुविधायुक्त PICU, NICU, OT
बच्चों की सभी प्रकार की सर्जरी हर्निया, हाईड्रोसील, सरकम सीजन की सुविधा
आयुष्मान कार्ड और CSEB से कैशलेस उपचार,
TPA की सुविधा
माँ और शिशु का विश्वास
डॉ. सी.पी.सिंह (एमबीबीएस, एमडी) शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ
डॉ. नीलिमा सिंह (एमबीबीएस, डी.जी.ओ.) स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
9009553889, 9090204620
एकता नगर, अम्बेडकर चौक के पास, गुढ़ियारी रायपुर
ब्रांच : मातृ स्मृति मंगल बाजार, गायत्री मंदिर के सामने, गुढ़ियारी, रायपुर

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# सर्व सेन समाज की बैठक में शिक्षा, संगठन व सामाज सुधार पर किया मंथन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धनेलीकन्हार

चरामा स्थित श्रीवास सेन समाज भवन में आयोजित कांकेर सर्व सेन समाज (ग्रामीण) की बैठक में समाज की एकजुटता, शिक्षा और सामाजिक सुधार पर विशेष जोर दिया गया। बैठक में सामाजिक कुरीतियों पर रोक, 51 हजार रुपये के सहयोग संग्रह तथा परिवार जनगणना प्रारूप के प्रकाशन सहित कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई।

■ नंदा जी सेन महाराज के त्याग-तपस्या का किया यशोगान

बैठक की शुरुआत नंदा जी सेन महाराज के छायाचित्र पर पूजा-अर्चना एवं माल्यार्पण के साथ हुई। बैठक में समाजजनों ने संगठन की मजबूती और समाज के सर्वांगीण विकास पर अपने-अपने विचार रखे। कांकेर सर्व सेन समाज ग्रामीण के अध्यक्ष प्रभु राम शांडिल्य ने कहा कि सामाजिक भाइयों के विकास के लिए हम सभी को मिलकर कार्य करने की आवश्यकता है, इसके लिए समाज के प्रत्येक परिवार के बच्चों को अनिवार्य रूप से शिक्षा ग्रहण करनी होगी, तभी संगठित समाज की परिकल्पना साकार हो सकेगी।

इस अवसर पर संरक्षक कैलाश सेन ने कहा कि जुआ, शराब और सट्टे की लत परिवारों को बर्बाद कर रही है। इन विकास-विरोधी आदतों को छोड़ना होगा तथा सामाजिक स्तर पर नियम बनाकर इन्हें रोकने के प्रयास किए जाने चाहिए। श्रीवास सेन समाज चरामा के अध्यक्ष कमलेश रानू साहू ने बैठक में अनुशासित तरीके से उठने-बैठने तथा सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग लेने की बात कही।

बैठक में विभिन्न सामाजिक प्रकरणों पर विस्तृत चर्चा करते हुए उनका निराकरण किया गया। इस दौरान सामाजिक सहयोग के रूप में 51 हजार रुपये की सहयोग राशि प्राप्त हुई। साथ ही जिला सर्व सेन समाज (ग्रामीण), कांकेर की परिवार जनगणना के प्रारूप का भी प्रकाशन किया गया। इस प्रारूप को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाने को लेकर भी विस्तार से चर्चा की गई।

**सामाजिक एकता से मजबुती से मिलेगा लाभ**



*बैठक में रहे शामिल*

*इस अवसर पर श्रीवास सेन समाज कांकेर के अध्यक्ष शैलेंद्र कौशिक, मीडिया प्रभारी लोकेश्वर सेन, विनोद सेन, लखनलाल शांडिल्य, रुद्र कुमार सेन, राधेश्याम शांडिल्य, दीपक सेन, राजकुमार सेन, मुकेश सेन, बंशीलाल सेन, दयालु राम सेन, जगदीश कौशिक, वेदराम सेन, किशोर सेन, संतोष सेन, लखनलाल कौशिक, महेंद्र सेन सहित अन्य समाजजन उपस्थित रहें।*

## खबर संक्षेप



### आबकारी विभाग ने की कार्रवाई, आरोपी गिरफ्तार

**कांकेर।** जिला कांकेर के बड़गांव में आबकारी विभाग ने अवैध शराब कारोबार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए थाना परिसर के सामने अंग्रेजी शराब और बीयर की अवैध बिक्री कर रहे आरोपी किसन सिन्हा को गिरफ्तार किया। कार्रवाई के दौरान आरोपी के कब्जे से बड़ी मात्रा में अंग्रेजी शराब और बीयर जब्त की गई। आबकारी विभाग ने आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। विभाग ने अवैध शराब कारोबार पर लगातार कार्रवाई जारी रखने की बात कही।

### रावघाट रेल परियोजना की जांचकर दिए निर्देश

**कांकेर।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के महाप्रबंधक तरुण प्रकाश भानुप्रतापपुर पहुंचकर रावघाट रेल परियोजना का निरीक्षण किया। निरीक्षण के बाद उन्होंने बताया कि परियोजना का अधिकांश कार्य पूरा हो चुका है तथा शेष कार्य भी जल्द पूरा कर लिया जाएगा। इसके बाद रावघाट तक रेल संचालन शुरू कर दिया जाएगा, जिससे क्षेत्र के लोगों को बेहतर यातायात सुविधा मिलेगी। उन्होंने यह भी कहा कि रावघाट के बाद जगदलपुर तक रेल लाइन विस्तार की प्रक्रिया चरणबद्ध तरीके से आगे बढ़ाई जाएगी। इस दौरान रायपुर रेल मंडल के डीआरएम दयानंद सहित कई वरिष्ठ रेलवे अधिकारी उपस्थित रहे।



### घर से 13 नग देशी शराब किया बरामद

**कांकेर।** चारामा पुलिस ने ग्राम बागडोंगरी में 25 जून को शाम साड़े 4 बजें छापामार कार्यवाही करते हुए शराब कोचिए के कब्जे से देशी प्लेन शराब को जप्त किया। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार मुखबिर से पता चला था कि आरोपी अपने घर में अवैध रूप से शराब रखा हुआ है और बेचने के लिए ग्राहक कि तलाश में है। पुलिस ने इलाके की घेराबंदी कर आरोपी बागडोंगरी निवासी 57 वर्षीय सुरेश कुमार मंडावी पिता स्व. विशाल राम के घर दबिश दिया। तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से 13 नग देशी प्लेन शराब जप्त कर धारा 34 (1) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### तासी मखमली घास का मैदान पर्यटकों की पसंद

**कांकेर।** भीषण गर्मी के इस मौसम में जहां लोग ठंडक और सुकून की तलाश कर रहे हैं, वहीं जिले के चारामा विकासखंड के अंतिम छोर पर स्थित तासी गांव का डुबान क्षेत्र इन दिनों सोशल मीडिया से लेकर आम लोगों के बीच आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। गंगरेल बांध के बैकवाटर डुबान क्षेत्र के जलस्तर में कमी आने के बाद यहां एक ऐसा अद्भुत नजारा उभरकर सामने आया है, जिसे देखने के लिए रोजाना लोग पहुंच रहे हैं। स्थानीय लोग और पर्यटक अब इसे चिखली के नाम से पुकार रहे हैं।

## बैठक में सामाजिक सशक्तीकरण, पेसा क्रियान्वयन और देव स्थलों के संरक्षण पर हुई व्यापक चर्चा

# डिप्टी सीएम ने नक्सल मुक्त बस्तर के विकास के लिए मांगा जनसमर्थन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

बस्तर के नक्सल उन्मूलन के बाद चहुंमुखी विकास, सामाजिक एकता तथा आदिवासियों की पारंपरिक संस्कृति और विरासत को सहेजने, संरक्षित करने पर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने चर्चा की तथा जिले में पेसा एक्ट का समुचित क्रियान्वयन और पारंपरिक देव स्थलों को संरक्षित करने जैसे विषयों पर द्विपक्षीय सकारात्मक चर्चा हुई। इस दौरान समाज प्रमुखों ने भी बारी-बारी से सुझाव भी दिए।

जिला पंचायत के सभाकक्ष में 26 मार्च को आयोजित बैठक में उपमुख्यमंत्री ने कहा समाज प्रमुखों से कहा कि किसी समाज की परंपरा और सांस्कृतिक धरोहरों व पहचान को अक्षुण्ण बनाए रखने में समाज की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। किसी बड़े लक्ष्य की सफलता समाज के सहयोग से ही संभव होती है और बस्तर में नक्सल उन्मूलन इसका सबसे बड़ा उदाहरण है। उन्होंने आगे कहा कि लोकतंत्र की मुख्यधारा से टूट कर हिंसा का मार्ग अपनाने वाले युवाओं को वापस मुख्यधारा में लेकर आने में समाज प्रमुखों ने सराहनीय कार्य किया, जिसमें सुरक्षा बलों और जवानों का सतत सहयोग मिला, जिसके फलस्वरूप आज बस्तर का लाल आतंक से मुक्त होना संभव हुआ। उप मुख्यमंत्री ने बताया कि आज वर्षों से बंद मेला-मड़ई, बाजार, हाट अब आबाद होने लगे हैं। पहले जहां रिश्तेदार भी घर आने में डरते थे वे भी बेखौफ आने जाने लगे हैं। समाज प्रमुखों की जेल में बंद भटके हुए युवाओं के पुनर्वास पर चिंता के संबंध में उपमुख्यमंत्री विजय ने कहा कि हमने हर युवा को मुख्यधारा में लाने के लिए जेल से भी पुनर्वास की व्यवस्था की है। इसके लिए समाज को भी प्रेरित करने की आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि अब पुनर्वासित युवा खुद भी जेल में जाकर भटके युवाओं को मुख्यधारा में लाने के लिए प्रेरित करने का कार्य कर रहे हैं। सर्व आदिवासी समाज के प्रतिनिधियों ने विभिन्न विषयों पर अपने सुझाव रखे। उन्होंने सभी सुझावों को गंभीरता से सुनते हुए समाज की सहभागिता से बस्तर के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर कार्य करने का विश्वास दिलाया। इस अवसर अंतागढ़ विधायक विक्रम उसेंडी, राज्य हस्तशिल्प विकास बोर्ड की अध्यक्ष शालिनी राजपूत, पूर्व विधायक द्वय सुमित्रा मारकोले, शिशुपाल शोरी, कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर, प्रभारी एसपी आकाश श्रीश्रीमाल, जिला पंचायत सीईओ हरेश मंडावी सहित गोंडवाना समाज के अध्यक्ष सुमेर सिंह नाग, सर्व आदिवासी समाज के जिला सचिव राजेश भास्कर सहित आदिवासी समाज के प्रमुखगण मौजूद रहे।



### शहीदों के परिजनों एवं नक्सल पीड़ित परिवारों से किया संवाद

उप मुख्यमंत्री ने जिला कलेक्ट्रेट कांकेर में नक्सल पीड़ति परिवारों एवं विभिन्न मोर्चों में शहीद हुए जवानों के परिजनों से आत्मीय भेंट कर उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने सभी मामलों का संवेदनशीलता और गंभीरता के साथ त्वरित निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उप मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रत्येक बुधवार को जिले के पुलिस अधीक्षक कार्यालय में नक्सली पीड़ति परिवारों एवं शहीद जवानों के परिजनों से नियमित रूप से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनी जाती हैं, जिसका लाभ पीड़ति परिवार अवश्य ले सकते हैं। उप मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक पात्र शहीद परिवार को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाएं तथा पात्र आश्रितों को अनुकंपा नियुक्ति की प्रक्रिया में प्राथमिकता देते हुए शीघ्र लाभान्वित करे। शहीदों का बलिदान राष्ट्र और समाज के लिए अमूल्य है तथा उनके परिवारों का सम्मान और कल्याण सरकार की सर्वाच्च प्राथमिकताओं में शामिल है।



## सेवानिवृत्ति पर कार्यपालक निदेशक नेताम का सम्मान



**कांकेर।** छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के कार्यपालक निदेशक संचारण संधारण जेएस नेताम के आगामी 30 जून को सेवानिवृत्त होने के पूर्व बस्तर प्रवास के दौरान जगदलपुर स्थित बिजली मुख्यालय गीदम रोड के कल्याण केंद्र में सम्मान एवं विदाई समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन छत्तीसगढ़ स्टेट पावर कम्पनीज कार्यालयीन कर्मचारी संघ द्वारा किया गया।

समारोह में संघ के प्रांतीय एवं क्षेत्रीय पदाधिकारियों, कर्मचारियों तथा विद्युत कंपनी के अधिकारियों ने जेएस नेताम का पुष्पगुच्छ और अभिनंदन पत्र भेंट कर सम्मान किया। वक्ताओं ने कहा कि जेएस नेताम ने अपने 34 वर्षों के सेवाकाल में विद्युत क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दिया। विशेष रूप से बस्तर जैसे दुर्गम क्षेत्रों में विद्युत संचारण एवं संधारण व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही। उनके कुशल नेतृत्व, अनुशासन, कार्यनिष्ठा और कर्मचारियों के प्रति आत्मीय व्यवहार की सभी ने सराहना की। संघ के पदाधिकारियों ने कहा कि जेएस नेताम की कार्यशैली, दूरदर्शिता और समर्पण भाव आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्त्रोत रहेगा। उन्होंने उनके स्वस्थ, सुखद और दीर्घायु सेवानिवृत्त जीवन की कामना करते हुए भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर विद्युत कंपनी के कार्यपालक निदेशक टीपी मेश्राम, स्थानीय अधिकारी, कर्मचारी संघ के प्रांतीय एवं क्षेत्रीय पदाधिकारी तथा कर्मचारी उपस्थित रहे।

## संकुल स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव में नवप्रवेशी छात्रों का स्वागत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल

विकासखंड दुर्गुकोंदल के शासकीय हाई स्कूल हानपतरी में गुरुवार को संकुल स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव उत्साह और हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम में संकुल डागरा की 5 प्राथमिक, 3 माध्यमिक एवं 2 हाई स्कूलों के छात्र-छात्राओं, शिक्षकों, पालकों और जनप्रतिनिधियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य नवप्रवेशी विद्यार्थियों का स्वागत कर उन्हें गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए प्रेरित करना था।

अतिथियों ने कक्षा पहली, छठवीं और नौवीं के नवप्रवेशी विद्यार्थियों का तिलक लगाकर, मिठाई खिलाकर और पुष्पों से स्वागत किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को निःशुल्क पाठ्यपुस्तकें एवं गणवेश भी वितरित किए गए। नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत को लेकर बच्चों में उत्साह का माहौल देखने को मिला। मुख्य अतिथि सरपंच शिवलाल ध्रुव ने कहा कि शिक्षा ही जीवन में सफलता की सबसे मजबूत नींव है। उन्होंने विद्यार्थियों से अनुशासन, नियमित अध्ययन और मेहनत के साथ आगे बढ़ने का आह्वान किया। अध्यक्ष विजय पटेल ने गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को उज्वल भविष्य की कुंजी बताते हुए विद्यार्थियों को बड़े लक्ष्य निर्धारित कर उन्हें हासिल करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में शिक्षकों ने भी विद्यार्थियों की नियमित उपस्थिति, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और सर्वांगीण विकास पर जोर दिया तथा पालकों से बच्चों की शिक्षा में सक्रिय सहयोग करने की अपील की। कार्यक्रम में एसएमडीसी अध्यक्ष जोहन गावड़े, वार्ड पंच विजय कोमरा, संकुल प्राचार्य सत्यनारायण हिरवानी एवं प्राचार्य शिवलाल कोमरे, मंच संचालन दिग्विजय सिंह सलामे, व्याख्याता पवन वैद्य, गजेंद्र शांडिल्य, दाऊराम रावटे सहित संकुल के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं, छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## बच्चों के श्लोक पाठ ने मोहा मन



**जगदलपुर।** सर्व सेन समाज भवन कुम्हारपारा में प्रांत संगठन मंत्री हेमंत कुमार साहू द्वारा भारती संस्कृत गोष्ठी श्लोक उच्चारण तथा व्याख्यान कार्यक्रम किया गया। जिसमें समाज के श्रोता प्रवक्ता परिवार सहित उपस्थित थे। कार्यक्रम में बच्चों ने गीता पाठ, मंत्र, श्लोक उच्चारण कर सभी का मन मोह लिया।

मुख्य आयोजक महेंद्र श्रीवास ने सामाजिक स्तर पर इस तरह का कार्यक्रम आयोजित करने का संकल्प लिया है। नगर के मोहल्ले में सप्ताह में एक दिन संस्कृत भाषा वेद श्लोक मंत्र से प्रत्येक परिवार को जोड़ने तथा खास कर बच्चों को वेद मंत्र की बारीकियों से अवगत कर उपयोग की सीख देने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में शंकर श्रीवास, राम प्रसाद नाग, नीरज चौहान, माहेश्वरी पटेल, सावित्री श्रीवास, उमा शांडिल्य, गीताक्षी श्रीवास, पुजल श्रीवास, देवांश श्रीवास, वेदांत श्रीवास, ओजस श्रीवास, गुरुराज श्रीवास, अखिलेश कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## भाजपा की बैठक में संगठन विस्तार पर मंथन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल



भारतीय जनता पार्टी मंडल दुर्गुकोंदल की आवश्यक बैठक में संगठन को बूथ एवं शक्ति केंद्र स्तर तक मजबूत बनाने, संगठन विस्तार और आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने पर विशेष जोर दिया गया।

■ मजबूती का लिया संकल्प

बैठक को संबोधित करते हुए मंडल अध्यक्ष बिदेसिंग कल्लो ने कहा कि भाजपा की सबसे बड़ी ताकत उसका मजबूत और सक्रिय संगठन है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अनुशासन, समर्पण और आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए संगठन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का आह्वान किया।

उन्होंने प्रत्येक शक्ति केंद्र में नियमित बैठकें आयोजित करने और बूथ स्तर पर संगठनात्मक गतिविधियों को तेज करने के निर्देश दिया और साथ ही नए कार्यकर्ताओं को पार्टी से जोड़ने, संगठनात्मक गतिविधियों को गति देने तथा आगामी कार्यक्रमों के सफल संचालन के लिए विभिन्न पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां सौंपी गई एवं सभी कार्यकर्ताओं ने संगठन हित में पूरी निष्ठा और सक्रियता के साथ कार्य करने का सामूहिक संकल्प लिया। बैठक में महाविद्यालय अध्यक्ष विजय पटेल, शकुंतला नरेटी, मंडल उपाध्यक्ष कृष्ण दुग्गा, सिरों कोमरे, पूर्व जनपद अध्यक्ष संतो दुग्गा, महिला मोर्चा अध्यक्ष सुमित्रा दुग्गा, युवा मोर्चा अध्यक्ष विकाश राजू नायक, मीडिया प्रभारी संजय उइके सहित भाजपा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## बीईओ ने किया स्कूलों का आकस्मिक निरीक्षण

**जगदलपुर।** जिला शिक्षा अधिकारी एवं जिला मिशन समन्वयक के दिशा निर्देश अनुसार स्कूलों की सतत मॉनिटर विकासखंड तोकापाल में की जा रही है। इसी परिपेक्ष में खंड शिक्षा अधिकारी अजय शर्मा ने स्कूलों का आकस्मिक निरीक्षण किया। संस्था प्रमुख एवं शिक्षक, शिक्षिकाओं को गणवेश पाठ पुस्तक की वितरण शाला की साफ-सफाई जहां नहीं हो पाई है, तत्काल करने के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही स्कूल भवन को आकर्षक बनाने, जिन बच्चों का आधार और अपार जनरेट नहीं हुआ है, उन्हें तत्काल करने का निर्देश दिया गया। इसके साथ ही सभी बच्चों का एमडीयू अपडेट दो दिवस पूर्ण करने, नवीन प्रवेशी स्टूडेंट जिनका जाति प्रमाण पत्र बन गया है तो उसकी कॉपी लेने तथा जिनका नहीं बना है तो सारे डॉक्यूमेंट जाति प्रमाण पत्र बनाने हेतु रेडी करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके साथ ही 10 बजे 10 मिनट 10 हफ्ते कार्यक्रम की जानकारी दी गई। पाठ्यक्रम का विभाजन कर अध्यापन करे, वीकली टेस्ट, मंथली टेस्ट दिए गए दिशा निर्देश अनुसार कराएं। इसके साथ बरसात का मौसम होने के कारण शाला भवन की छत की सफाई, शाला प्रांगण साफ-सफाई की विशेष व्यवस्था करें, मध्यान भोजन की गुणवत्ता की जांच प्रतिदिन करते हुए मध्यान भोजन कक्ष स्वच्छ रहे इसका विशेष ख्याल रखें।



## शाला प्रवेशोत्सव मनाया और शाला प्रबंधन समिति गठित की



चारामा। विकासखंड चारामा अंतर्गत प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालय सिरसिदा में शाला प्रवेशोत्सव का आयोजन उत्साह, उल्लास एवं गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं का तिलक लगाकर एवं मुंह मीठा कर आत्मीय स्वागत किया गया तथा उन्हें निःशुल्क गणवेश एवं पाठ्यपुस्तकों का वितरण किया गया। इस अवसर पर न्यौता भोज का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान शाला प्रबंधन समिति का गठन सर्वसम्मति से किया गया। समिति के अध्यक्ष पद पर गुलाबचंद सिन्हा, उपाध्यक्ष पद पर चित्ररेखा सेवता, सचिव पीमन सिंह, कोषाध्यक्ष महेंद्र सिंह ठाकुर, पंचायत प्रतिनिधि यादोराम साहू, शिक्षाविद् सदस्य कन्हैया सिंह ठाकुर तथा सदस्य के रूप में ललित साहू, तुलाराम विश्वकर्मा एवं पूर्व अध्यक्ष लेखराम साहू सहित अन्य सदस्यों को विभिन्न दायित्व सौंपे गए। इस अवसर पर शिक्षाविद् एवं शाला प्रबंधन समिति सदस्य ने कहा कि शिक्षा प्रत्येक बच्चे का मौलिक अधिकार है तथा एक शिक्षित समाज ही सशक्त राष्ट्र का निर्माण कर सकता है। प्रत्येक बच्चे को विद्यालय से जोड़ने, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने तथा अभिभावकों से बच्चों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने का आह्वान किया। आज के विद्यार्थी ही कल के भारत के निर्माता हैं और शिक्षित होकर राष्ट्र एवं समाज के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देंगे।

## कार्यक्रम में बच्चों को पाठ्यपुस्तक और गणवेश का किया वितरण

# सालेभाट शाला प्रवेशोत्सव में नवप्रवेशी छात्रों का स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

शिक्षा विभाग द्वारा ग्राम सालेभाट स्थित हाई स्कूल में विकासखंड स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि केशकाल विधायक नीलकंठ टेकाम ने नवप्रवेशी विद्यार्थियों का तिलक लगाकर और फूलमाला पहनाकर आत्मीय स्वागत किया। इस अवसर पर बच्चों को निःशुल्क पाठ्यपुस्तकों एवं गणवेश का वितरण भी किया गया, जिससे विद्यार्थियों और पालकों में उत्साह का माहौल रहा।

कार्यक्रम में शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले केशकाल विकासखंड के मेधावी विद्यार्थियों को मंच पर सम्मानित किया गया। विधायक ने उन्हें मेडल एवं पुष्पमाला पहनाकर प्रोत्साहित किया। वहीं, सरस्वती साइकिल योजना के तहत पात्र छात्राओं को साइकिलें वितरित की गई, ताकि उनकी शिक्षा सुगम हो सके। पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए अतिथियों ने विद्यालय परिसर में पौधारोपण किया।

इस दौरान विधायक नीलकंठ टेकाम, खंड शिक्षा अधिकारी कवल साय पोया एवं बीआरसी बलराम नाग को स्मृति चिन्ह स्वरूप सीड बॉल भेंट की गई। कार्यक्रम में शिक्षा विभाग के अधिकारी, बीआरसी बलराम नाग, ब्लॉक के सभी संकुल समन्वयक, प्राचार्य, शिक्षक-शिक्षिकाएं, जनप्रतिनिधि, पालकगण एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। सभी ने नवप्रवेशी बच्चों के उज्वल भविष्य की कामना करते हुए शिक्षा के प्रति निरंतर सहयोग का संकल्प व्यक्त किया।






तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, केमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज